जनता सरकार की कई मामलों मैं तो हम नुक्ताचीनी कर सकते हैं लेकिन फ्लड रिलीफ के कार्य में जनता पार्टी ने पिछली दफा व इस दफा जो सराहनीय काम किये है, उससे अच्छे काम आज से पहले किसी सरकार ने नहीं किये (तालियां)। पिछली एक बात को ही लेकर स्वामी जी, जिनका मैं बहुत आदर मान करता हूं, कह रहे थे कि जिन लोगों के मकान गिर गये हैं, उनको सरकार की तरफ से 300 रूपये की सहायता दी गई है, वह बार बार इसी बात को लेकर सरकार की क्रिटीसाईज कर रहे थे। मैं समझता हूं कि भाायद हमारी सरकार की ओर से यह जो 300–300 रूपये की रिलीफ लोगों को दी गई, इसका मकसद नहीं बतलाया गया है। मैं स्वामी जी को यह बता देना चाहता हूं कि वह जो 300 रूपये का रिलीफ सरकार की ओर से दिया गया है वह मकान बनाने के लिए नहीं दिया वह तो घरेलू सामान तबाह हो जाने के कारण जिससे कि लोग अपना घरेलू सामान वगैरह बना ले, उसके लिए एक तरह का रिलीफ है। (ाोर)

चौधरी जगजीत सिंह पोहलू: डिप्टी स्पीकर साहब, यह बिल्कुल गलत कह रहे हैं कि सरकार की तरफ से यह 300 रूपये की रा ि ा लोगों को घरेलू सामान के लिये दी गई है। साफ लिखा हुआ है कि मकान गिर जाने के कारण लौगों को यह रिलीफ दी जा रही है।

स्वामी अग्निवे ा: उपाध्यक्ष महोदय, मेरा व्यवस्था का प्र न है। जैन साहब यहां पर मेरे को मिस कोट कर रहे हैं। इन

मांगों में स्पश्ट रूप से लिखा हुआ है जिसको पढ़कर ही मैंने सुनाया है कि जिन लोगों के मकान गिर गये हैं, पूरी तरह से ध्वस्त हो गये हैं उनको सरकार की तरफ से 300–300 रूपये रिलीफ के तौर पर दिए गये हैं (ाोर)।

श्री मूल चन्द जैनः तो डिप्टी स्पीकर साहब, मैं आपको कह रहा था कि 300 रूपये की ग्रान्ट उनको मिली है जिनके मकान नश्ट हो गये है लेकिन इसके साथ साथ उनका घरेलू सामान भी नश्ट हुआ है, इसलिये यह 300 रूपया तो उस कमी को पूरा करने के लिये दिया गया है। (ाोर एवं व्यवधान) डिप्टी स्पीकर साहब दूसरी बात रही है कि उन लोगो को पक्के मकान देने के लिये सरकार को कोई सकीम बनानी चाहिये। इसके लिये मै। स्वामी जी से सहमत हूं कि अभी तक उनके मकान को दोबारा बनाने के लिये सरकार ने एक स्कीम बनाई है कि बैंको के माध्यम से उन लोगो को कर्जे दिलवाए जाये। हमारे चीफ मिनिस्टर साहब के आदे ाानुसार चीफ सैक्रेटरी साहब ने बैंको के बड़े बड़े अफसरों की एक मीटिंग भी की है। स्टेट लैवल पर जो बैंको के नुमायंदे आते है वे बड़ा सहयोग का यकीन दिला जाते है कि वे लोगो को कर्जे देंगे लेकिन जब टाईम आता है तो बहुता ज्यादा परे ाान करते है। पंजाब नै ानल बैंक और स्टेट बैंक आफ इंडिया की ब्रांचिस करनाल और रोहतक मे है। कर्जा लेने के लिये जब इन बैंको मे काम करना पड़ता है तो बैंकों के नुमायंदे बहुत ज्यादा मदाखलत करते है। सरकारी मुलाजिमों ने यह ि ाकायत

की है कि साहब, फ्लड के दिनो मे जब सब जगह पानी ही पानी खड़ा नजर आजा था। लोगो को सिरकियां और रा ान पहुंचानें के लिये जितनी मेहनत हमे करनी पड़ी थी उससे कहीं ज्यादा मेहनत हमें इन बैंको से कर्जा दिलाने मे लग रही है। सरकार करोड़ों रूपया खर्च कर रही है लेकिन नतीजा कुछ भी नही निकलता। मैं करनाल मे रहता हूं। और करनाल के कर्मचारियो की तरफ से जरूर हैड आफिस मे ऐसी ि ाकायत आई होगी। मै आपके द्वारा डिप्टी स्पीकर साहब, सदन मे आवाज उठानाचाहता हूं कि बैंक कर्जा देने मे सहयोग नही दे रहे। करनाल की दोनो तहसीलो मे 5–6 लाख रूपये से ज्यादा कर्जा तकसीम नही हुआ होगा। मैं एक बात सदन मे जरूर कहना चहाता हूं, मैं पब्लिक अंडरटेकिंग कमेटी का चेयरमैन हूं। मुझे हरियाणा फाइनें ाल कारपोरे ान का 6 करोड़ रूपया हे जो हरियाणा के बड़े बड़े उद्योगपतियों के पास बकाया है। कोई 4 वर्श से है, कोई 5 वर्श से है और काई 6 वर्श से बकायाहैं यह रकम उनसे वसूल की जानी चाहिए और कोई ऐसा तरीका निकाला जाना चाहिए जिससे फ्लड मे बरबाद हुए मकान बन सके। उनके मकान कच्चे नही पक्के बने, पक्के मकान बन सकते है कोई मु ि कल नही । केरल सरकार ने पिछले दिनो देहातो मे एक लाख मकान एक साल मे बनाये है, मैंने इसके बारे मे गवर्नमैंट को लिखा भी है, कई बार लिखा है और इस काम से केरल सरकार की सारी हिन्दुस्तान मे नेकनामी हुई है।

श्री उपाध्यक्षः आपका टाईम हो गया है।

श्री मूल चंद जैनः बस एक मिनट। जहां सैलाब आए है वहां गरीब लोगो के मकान बना दे, यह गरीबो के लिये बहुत बड़ा काम होगा। जिस तरह से गांवो मे छोटी इंडस्ट्रीज स्थापित करने का प्रोग्राम है उसी तरह से गरीबो के मकान बनाने का प्रोग्राम बना ले।

श्री उपाध्यक्षः आपका समय हो गया है।

श्री मूल चंद जैनः अभी खत्म करता हूं। मेरे इलाके मे रानामाजरा, जलालपुर, पत्थरगढ़, बेसीगढ़ी, नवादा, नगल दरिया जमुना के ऊपर है। कोई भी सड़क इन गांवो तक नही जाती। अगर सैलाब जा जाये तो उन गांवो तक कोई ट्रक नही जा सकता, कोई सरकारी ऐजेंसी उनको रिलीफ नही पहूंचा सकती और न ही उनको सैलाब से बाहर निकाल सकती है। उनकी तीन चार हजार की आबादी है। मैंने बार बार सरकार से इस बात का तकाजा किया था कि रानामाजरा, जलालपुर, पत्थरगढ़, बेसीगढ़ी, नवादा, नगल को सड़कों से मिलाया जाये ताकि अगर जमुना का पानी गांवो मे चढ़ जाये तो सरकार उनका प्रबंध कर सके। अगर जमुना ने घेर लिया तो उन लोगो को निकालना बड़ा मुि ाकल है और यह सरकार के लिये बड़ी बदनामी की चीज है।

चौधरी खुर ीद अहमद (ताउडू): जनाब डिप्टी स्पीकरइ साहब, मैं आपके जरिये सरकार का ध्यान मांग नं. 11 की

तरफ दिलाना चाहता हूं जिससे सरकार ने तीन चार मण्डियों को तकरीबन 30 लाख रूपया के करीब रकम दी है। डिप्टी स्पीकर साहब, जो बड़ी बड़ी कमेटियां है इनके अपने अपने रिसोर्सिज हो सकते है, लेकिन स्टेट मे बहुत सी छोटी बड़ी कमेटीयां है उनकी हालत ज्यादा खराब हैं तीन म्यूनिसिपल कमेटियों को, सरकारने जो दस दस लाख रूपया दिया है, इन तीनो कमेटियो पर भाायद 10–10 लाख रूपये का इम्पैक्ट दिखाई नही देता। इसके बजाये छोटी छोटी कमेटियों को एक एक दो दो लाख रूपया दे देते तो 20–30 छोटी कमेटियां इस रूपये मे कवर हो सकती थी। कई छोटी छोटी कमेटियां है जिन के पास रिसोर्सिज नही हे जो बादली, फिरोजपुर झिरका, ताऊडू, नूह, पुंडरी। इनके अलावा और भी कई हे जिन के पास फाइनैं ाल रिसोर्सिज नही है.....

एक सदस्यः इसमे कालका भी भाामिल कर लो..... (हंसी)

चौधरी खुर ाीद अहमदः कानका म्युनिसिपल कमेटी की भी ऐसी ही हालत है, वह भी भाामिल कर ली जाये (हंसी) सप्लीमेंटरी डिमांडज के जरिये नही, अगले बजट मे इन कमेटियो को भाामिल किया जा सकता है, उस समय थोड़ी थोड़ी ग्रांट इन कमेटियों को दे दी जाये और ऐसा करने से तमाम कमेटियों को थोड़ा भोयर ग्रांट का मिल सकता है। एक सुझाव तो मेरा यह है। दूसरा सुझाव भाूगर मिल्ज के बारे मे है। भाूगर केल की प्राईस के बारे मे गर्वनमैंट ने फैसला किया है कि किसानों को अच्छी कीमत

देने के लिये भूगर मिलो को घाटा भूगतना पड़ेगा। इन भूगर मिलो की मदद के लिये सरकार ने लोन देने के लिये कुछ रकम रखी है, लेकिन पिछले साल कुछ किसानों की तरफ से ि ाकायत आई थी कि जिन किसानो का बोंडिड गन्ना था, उनसे मिलों ने गन्ना डायरैक्ट नही लिया बल्कि बिचौलो के द्वारा लिया। बिचौले इसमे भाामिल हो गये और किसानो से सस्ते भाव पर गन्ना लेकर पूरे रेट पर मिलो को सप्लाई किया। किसान से चार पांच रूपये क्विंटल लिया और भूगर मिल को साढ़े 13 रूपये क्विंटल दिया। मैं सरकार की तवज्जो इस तरफ दिलाना चाहता हूं कि इस साल सरकार ऐसा इंतजाम करे कि किसी किसान को अपना गन्ना बिचौलों के जरिये न बेचना पड़े। इसकी छानबीन होनी चाहिये कि कौन लोग है जो बिचौलो का काम करते है और किसान के हक पर छापा मार कर मुनाफा ले जाते है। हर किसान को उसकी फसल का पूरा मुआवजा मिले, उसको असल कीमल अदा की जाये। हर किसान को उसकी फसल का पूरा मुआवजा मिले, उसको असल कीमत अदा की जाये। मैं सरकार से दरख्वास्त करूंगा कि ये जो दो तीन प्वायंट मैंने कहे है, बजट बनाते वक्त इन का ध्यान रखा जाये और छोटी छोटी कमेटियों का बजट मैं पैसा प्रोवाइड किया जाये।

स्वामी आदित्यवे ा (हथीन): उपाध्यक्ष महोदय, मैं मांग सं. 25 के संबध मे अपने विचार प्रकट करना चाहता हूं जिस के माध्यम से 2 करोड़ रूपया 'हैफड' को दिया जायेगा, गांवो

कोआप्रेटिव सोसायटी से अगर किसान को कर्जा दिया जाये तो 11 परसेंट इंट्रैस्ट लिया जाता है लेकिन एक कम्पनी 'हैफड' को सवा पांच परसैंट के रेट पर दिया जा रहा है। यह भेदभाव नही होना चाहिए। हमारा नारा तो यह है कि गांवो मे बसने वाले लोगो को सस्ते रेट पर कर्जा दिया जायेगा लेकिन वास्तव मे ऐसा नही है। मेरे हल्के हथीन मे सरकार ने घोशणा की कि जिनके मकान गिर गये है उनको तीन तीन सौ रूपया दिया जायेगा। लेकिन बड़े दुख के साथ कहना पड़ता है कि खाईका गांव मे 182 लोगों को रूपया दिया गया और वह भी 50–50 रूपये के हिसाब से दिये गये और मैं समझता हूं कि 50 रूपये मे एक मकान की पुच्छड़ भी नही बन सकती। (इस समय सभापतियों की सूची मे से एक सदस्य चौधरी खुर ाीद अहमद पदासीन हुए) इसके बाद मै। सरकार का ध्यान मांग सं. 17 की तरफ दिलाना चाहता हूं । इसमे श्री कि ान चंद नामक ट्रक क्लीनर की मृत्यु हो गई थी उसका क्लेम 4000 रूपया दिया गया इसकी मौत 1975 मे हुई और 1978 मे वह मुकद्दमें मे विजयी होता है। इतना खर्च करनो के बाद सरकार उसको 4 हजार रूपया दे रही है। मेरी समझ मे नही आता कि एक तरफ हम यह नारा देते है कि गरीबो की मदद करो और दूसरी तरफ किसी गरीब क्लीनर के जीवन की कीमत 4 हजार रूपये आंकते है और वह भी चार साल मुकद्दमा चलने के बाद ? कोर्ट के दरवाजे खटकाने के बाद भी न्याय नही मिलता। फिर आप देखे कि सकूल की बिल्डिंग को बनाने के लिये, तमाम हरियाणा के स्कूलो की मुरम्मत के लिये बड़ी मु कल से सिर्फ

1972819 रूपया खर्चा गया। किसी हल्के को 32 हजार रूपया दिया गया, किसी को 42 हजार रूपया दिया गया लेकिन बादली हल्के के लिये 522380 रूपये दिये गये। इस प्रकार की डिसपैरिटी बरती जा रही है। आखिर कब तक यह बात चलेगी ? सारे हरियाणा मे मेवाल का क्षेत्र सबसे पिछड़ा हुआ है लेकिन उस क्षेत्र को बड़ा इग्नोर किया जा रहा है। (विघ्न)

चौधरी उदय सिंह दलालः मुझे कृपया बता दें कि बादली हल्के के कौन से स्कूलों के लिये इतना रूपया दिया गया है क्योंकि मैं वहां का एम.एल.ए. हूं।

Mr. Chairman: No Interruptions please.

स्वामी आदित्यवे Iः सभापति महोदय, अभी मैंने एक सवाल पूछा था। वह अनस्टार्ड क्वै चन था। उसका मुझे उतर दिया गया है कि बादली हल्के के लिए 522380 रूपये दिए गए हैं। (विघ्न)

चौधरी उदय सिंह दलालः यह आप कहीं सूबा दिल्ली की बात तो नहीं कर रह हैं ? (विघ्न)

स्वामी आदित्यवे Iः जी नहीं, मैं बादली की बात कर रहा हूं और हरियाणा असैम्बली में बात कर रहा हूं। यहां दिल्ली नहीं है। (विघ्न)

सभापति महोदय, मैं निवेदन करना चाहता हूं कि पिछले दिनों जब वर्शाकालीन अधिवे ान हुआ था तब मैंने यह आवाज उठाई थी कि बहीन, औरंगाबाद, खटेला और खाईका के स्कूलों की मुरम्मत के लिए पैसा दिया जाए लेकिन अभी तक कुछ नहीं दिया गया। वहां कई स्कूल गिरे हुए हैं। लेकिन उन स्कूलों के लिए आज तक एक फूटी कौडी भी नहीं दी गई। बड़े दु:ख के साथ कहना पड़रहा है कि पछिली सरकार के काले कारनामों के लिए तो इस बजट में 29 लाख रूपये की चार मांगे रखी जा रही हैं और ये हमें पास भी करनी पड़ेगी चाहे वे कितने ही काले कारनामें क्यों न हों लेकिन इस 7–8 करोड़ रूपये के बजट में गांव के लोगों के लिये इतनी सुविधाएं नहीं दी जारही है जितनी कही जा रही है। (ाोर)

(इस समय बहुत से सदस्य बोलने के लिए खड़े हुए।)

श्री सभापतिः चौधरी जगजीत सिंह पोहलू।

चौधरी उदय सिंह दलालः चेयरमैन साहब, इनका ब्यान हाउस को गुमराह करने वाला है। इन्होंने यह गलत ब्यानी की है कि बादली हल्के को इतना पैसा दिया गया। मैं इस बात को चैलेन्ज करता हूं। (ाोर)

श्री सभापतिः दलाल साहब, आप त ारीफ रखिए।

स्वामी आदित्यवे ाः सभापति महोदय, मुझे गवर्नमैंट की तरफ से जवाब मिला है कि 522380 रूपये दिए गए हैं। (विघ्न)

चौधरी उदय सिंह दलालः वहां फ्लड में 50 करोड़ रूपये का नुक्सान हो गया है। उसका तो ये जिक्र नहीं करते लेकिन इस तरह की गलत बात कर रहे है। (विघ्न)

Mr. Chairman: No direct talks between the members please. (Interruptions) Please take your seats. Mr. Pohloo you please start.

चौधरी जगजीत सिंह पोहलू (पाई): चेयरमैन साहब समय देने के लिए आपका बहुत बहुत भ्युक्रिया। मैं आपका ध्यान डिमांड नं. 4, 8, 11, 16, 17 और 25 की ओर दिलाना चाहता हूं। चेरमैन साहब, एक दो साल से ढिंढौरा पीटा जा रहा है कि आज किसान का राज हरियाणा में है। लेकिन बड़े अफसोस से कहना पड़ता है कि जिस गरीब किसान के कंधे पर हल था, जिस गरीब किसान के नाम पर वोट लिए गए थे उसके पांव में आज जूता नहीं है, धोती गोडे से ऊपर है, कमीज फटी हुई है और साफा गोलमोल है। जिस दिन पहला बजट पास हुआ था, पहला सप्लीमेंटरी बजट पास हुआ था उस दिन भी मैंने कहा था और आज भी जब तकरीबन आठ करोंड़ रूपये का बजट पास हो रहा है मैं यह कहना चाहता हूं कि चौधरी साहब आप किसान के बेटे हो इसलिये सही मायने में किसान के लिए काम कीजिए। आज ढिंढोरा तो किसान का पीटा जा रहा है, नाम तो किसान का लिया जा रहा है लेकिन काम सरमायेदार का किया जा रहा है। इसलिये चेयरमैन साहब मैं चौधरी साहब से कहना चाहता हूं कि चौधरी साहब आप मजबूत और दिलेर आदमी हो सारी उमर सियासत में

रहे हो (विघ्न) चेयरमैन साहब, डिमांड नं. 11 में 30 लाख रूपया भाहरों को दिया जा रहा है, 10 लाख रूपया कारखाने वालों का मेला लगाने के लिए दिल्ली में बरबाद किया जा रहा है। चेयरमैन साहब इतनाप जुल्म मेरी समझ में नहीं आता। (विघ्न) चेयरमैन साहब, मोम का कोटा किसी गरीब किसान के बच्चे को, किसी हरिजन के बच्चे को नहीं दिया गया है और न ही यह किसी बैकवर्ड इलाके को, मेवात जैसे इलाके को दिया गया है। इसका सारे का सारा कोटा जनसंघ के बड़े बड़े कारखानेदारों को दिया जा रहा है। इसलिये मैं कहना चाहता हूं कि यह जो तीस लाख रूपया भाहरों में बरबाद करने जा रहे हैं यह देहात में दिया जाना चाहिए, यह उन गांवों को दिया जाना चाहिये जिन गांवों को सड़कें नहीं मिल रही है। (विघ्न) चेयरमैन साहब, मैं अपने सी.एम. साहब से यह कहना चाहता हूं कि जनसंघ से ज्यादा डरने की जरूरत नहीं हैं क्योंकि वे दिन दूर नहीं हैं जब चौधरी चरणसिंह जी भी इधर आ जायैंगे और हम सारा मिल मिला कर चला लेंगे। (हंसी)

चेयरमैन साहब, इंडस्ट्रीज की डिमांड के ऊपर मैं यह कहना चाहता हूं कि जो चीजें कारखानों में बनती हैं वे महंगी बनती है लेकिन उसके मुकाबले में गन्ने का भाव 12 रूपये क्विंटल रखा गया है। यह बड़ा थोड़ा है। आज सूखी लकड़ी भी 30 रूपये क्विंटल है। सन् 1967 में जब किसान के बेटे राव बीरेन्द्र सिंह, का राज आया था तो गन्ने का भाव 16 रूपये क्विंटल कर दिया

गया था और वह 22 रूपये क्विंटल तक बिका था लेकिन पिछले साल भी और इस साल ीाी तीन रूपये क्विंटल के भाव में गन्ना रूलता फिरता है। अमेरिका में किसान का अनाज चाहे कितनार हो, गेहूं कितना हो, सारे का सारा सरकार खरीदती है और फालतू अनाज को आग लगा कर समुद्र में डाल देती है लेकिन किसान को नुकसान नहीं होने देती। इसलिये जितना पैसा कारखानेदारों पर खर्च किया जाता है यह खर्च नहीं होना चाहिए। पिछले सै ान में एक गलत बिल पास हो गया क्योंकि चौधरी साहब की नालेज में वह नहीं था। उसके तहत एक लाख रूपया किसी भी कारखानेदार को अपना सेल्ज टैक्स अदा करने के लिए सैन्ट्रल गवर्नमैंट से लेकर दिया जा सकता है और वापिस लेने का कोई ढंग नि चत नहीं किया गया। इसके मुकाबले में किसान जो थोड़ा सा लोन लेता है उसको लैंड रैवन्यू के तौर पर वापस लिया जाता है। इस बार फ्लड से अफैक्टिड लोग भी अपना कर्जा वापस दे रहे हैं उनको कोई बचाने वाला नहीं है। चौधरी बीर सिंह जी ने ऐलान तो कर दियाथा कि जिस इलाके में फ्लड आए हैं वहां लोगों ने जो कर्जा देना है, तकावी देनी है उसकी वसूली नहीं की जायेगी लेकिन उसके बावजूद भी तीनों फसलों का मामला इकट्ठा किया जा रहा है। इन भाब्दों के साथ मैं यह कहना चाहता हूं कि इस सप्लीमैंटरी बजट को इस समय पास न किया जाए, बाद में मिल मिला कर पास कर लेगें।

(इस समय बहुत से सदस्य बोलने के लिए खड़े हुए।)

श्री सभापतिः श्री मूल चन्द मंगला। लेकिन आप तीन मिनट से फालतू नहीं लेंगे। भांकर लाल जी अभी आप बैठिए। इनके बाद आपको समय मिलेगा।

श्री मूल चन्द मंगला (पलवल): आदरणीय सभापति जी, जो डिमांडज हाउस के सामने पे ा की गई हैं, इनमें से एक डिमांड के जरिये सहकारी समितियों के लिए भी पैसा मांगा जा रहा है। मैं इससे बड़ा खु ा हूं औरइसाक स्वागत करता हूं। लेकिन एक बात मैं आपके द्वारा सरकार के नोटिस में ला देना चाहता हूं। आज अनेकों सहकारी समितियों में बड़ी खराबी मची हुई है, उनके अन्दर बड़ी भारी हेराफेरी हो रही है। मिसाल के तौर पर फरीदाबार के अन्दर एक सहकारी समिति है। एक मिस्टर गोयल उसके इन्चार्ज हैं। मैं जानता हूं कि उस सहकारी समिति में 10 लाख रूपये का घाटा है और उस घाटे के लिए वे जिम्मेवार है। जो चैक वे इ ा करते हैं वह बैंक में डिसओनर हो जाता है। ऐसी मिसालें मौजूद हैं कि वे बैंक में तब पैसा जमा कराते हैं जब वे कंसंर्ड आदमी से यह सौदा कर लेते हैं कि एक परसैंट कमी ान उसे दी जाएगी। इसलिये मैं आपके द्वारा सरकार से यह निवेदन करना चाहता हूं कि इस बात की इंक्वायरी कराई जाये। इसके अलावा मैं यह भी अर्ज करना चाहा हूं कि म्यूनिसिपैलटीज को पैसा देने में बड़ा भेदभाव बरता गया है। मैं आपके जरिये हाउस में प्रार्थना करूंगा कि पलवल म्यूनिसिपल कमेटी की हालत बहुत खराबहै। पिछली 24 तारीख को अखबारों में निकला था कि

पलवल की क्या परिस्थिति है ? दिल्ली के अखबारों में वहां का हाल आया था और मंत्री महोदय ने भी वहां का हाल पढ़ा होगा। वहां की सड़कों की हालत भी बड़ी खस्ता है, नालियां भाहर में टूटी पड़ी है, सिवरेज सिस्टम बिल्कुल नहीं है। पलवल की आबादी साठ हजार के करीब हैं। इतनी बड़ी आबादी के लिए एक पैसा भी न देना कोई अच्छी बात नहीं है। वहां की कमेटी की बहुत ही बुरी हालत है। वहां से कोई बीस हजार के करीब लोग रोजाना फरीदाबाद और बल्लभगढ़ नौकरी करने के लिए साइकिलों पर जाते हैं। उनको वहां पर मु कल से 150 और 250 रूपये मिलते है। इसलिये जो यह अनुदान दिया गया है यह उन कमेटीज को देना चाहिये था जहां की हालत खराब है। मैं समझता हूं कि हमारी पलवल की कमेटी को कम से कम तीन चार लाख रूपया दिया जाना चाहिए। मैं आ ा करता हूं कि हमारे स्वायत भाासन मंत्री और दूसरे मंत्री भी इस बात का वि ोश ध्यान रखेंगे।

पलवल हायर सैकंडरी स्कूल के अन्दर केवल पांच कमरे हैं लेकिन वहां पर 22 सैक ान्ज हैं। अब आप बतायें कि 22 क्लासिज पांच कमरों में किस प्रकार से बैठ सकती है। इसलिये मैं ि ाक्षा मंत्री महोदय से प्रार्थना करना चाहता हूं कि उस स्कूल के पास डेढ़ लाख रूपया तो मौजूद है और सरकार की ओर से एक लाख रूपया और दे दिया जाये तो स्कूल की बिल्डिंग बन सकती है।

श्री सभापतिः ऐजूके ान के बारे में कोई डिमान्ड नहीं है।

श्री मूल चन्द मंगलाः चेयरमैन साहब डिमान्ड में तो हनीं है परन्तु वहां जो हालत है वह तो हाउस के सामने बतानी जरूरी है। हमारे यहां होस्पिटल की भी बहुत ही बुरी हालत है। वहां पर 60 हजार की आबादी है और एक डाक्टर है। कम से कम दो लाख के करीब देहात की आबादी भी है वहां भी आसपास कोई हस्पताल नहीं है। वहां पर एक सफाखाना बन रहा है वह भी केवल 30 बैड्ज का बन रहा है।

श्री सभापतिः आप डिमान्डज के बारे में ही बोलें।

श्री मूल चन्द मंगलाः डिमान्ड पर ही बोलूंगा लेकिन वहां की कुछ दिक्कतें हैं उनको भी आपके नोटिस में लाना जरूरी है। पलवल में दो सौ बसें रोजाना गुजरती हैं लेकिन वहां पर कोर्ठ ऐसा बस स्टैन्ड नहीं है कि यात्री रात को ठहर सकें। सर्दी के समय में ठंडी हवा में यात्री किस प्रकार से रह सकते हैं। इसलिये मेरा निवेदन है कि कम से कम वहां सैंड्ज तो बना दीजिए ताकि यात्रियों को दिक्कत न हो। वहां पर सड़कों की भी ऐसी ही हालत है। बिल्कुल टूटी हुई है कोई मुरम्मत आदि नहीं हो रही है। इसलिए मेरी आपके जरिए सरकार से रिक्वैस्ट है कि पलवल के एरिया की ओर वि ोश ध्यान दे।

कामरेड भांकर लाल (सिरसा): चेयरमैन साहब, सिरसा म्युनिस्पिल कमेटी को दस लाख रूपया दिया जा रहा है। मेरा हल्का सिरसा है। सिरसा बहुत ही पिछड़ा हुआ क्षेत्र रहा है। वहां पर दस लाख रूपय बहुत ही थोड़ा हैं सिरसा के अन्दर इतनी गन्दगी है जो ब्यान नहीं की जा सकती है। भाहर में न कोई नालियों का प्रबन्ध है, न ही वहां पर सीवरेज सिस्टम ठीक है। वहां की सारी सड़कें टूटी पड़ी हैं। इसलिये यह जो रूपया दिया जा रहा है यह बहुत ही कम है। (गिलियां)

मेरे इलाके में अभी तक कोई भी नई सड़क नहीं बनी है। स्कूलों की तो वहां पर यह हालत है कि अब भी बच्चे दरखतों के नीचे बैठ कर पढ़ते हैं। मेरे हल्के में सड़कों पर भी पैसा लगाना बहुत जरूरी है और सिरसा कमेटी को भी और ज्यादा रूपया दिया जाये।

चेयरमैन साहब आज सारे हरियाणा में बहुत बुरा वातावरण बना हुआ है। हमारे जो क्लास थ्री और क्लास फोर के कर्मचारी हैं उनकी तन्खाह में कोई बढ़ौतरी नहीं की जा रही है, उनका आज की मंहगाई में गुजारा करना बड़ा कठिन हो रहा है।

श्री सभापतिः भांकर लाल जी आप डिमान्डज पर ही बोलें।

कामरेड भांकर लालः चेयरमैन साहब यह मेरी डिमान्ड है कि क्लास थ्री और क्लास फोर के कर्मचारियों की तन्खाह बढ़ाई जानी चाहिए।

तीसरी बात यह है कि कल यहां चण्डीगढ में टीचर्ज की तरफ से प्रद र्न किया गया। उनकी डिमान्डज पर कोई ध्यान नहीं दिया गया।

श्री सभापतिः इस बात का डिमान्ड से कोई ताल्लुक नहीं है।

कामरेड भांकर लालः वे टीचर्ज रात को बिना रिजाई के रहे, उनका कोई प्रबन्ध नहीं कियसा गया।

श्री सभापतिः भांकर लाल जी, अब आप बैठिए। इन बातों का डिमान्डज से कोई सम्बन्ध नहीं है।

चौधरी हरस्वरूप बूरा (मेहम): चेयरमैन साहब किसी भाायर ने कहा है:—

इन चमन वालों का क्या है, जिस तरह चाहें बसर कर लें।

मुसीबत उनको है जिनके कफस में पर निकलते हैं।

कहने को तो कुछ भी कहा जा सकता है लेकिन जिस तरह से चौधरी देवी लाल जी ने फ्लड के टाईम पर लोगों की

इमदाद की है उस तरह से आज तक किसी की सरकार ने नहीं की। यह बड़ा ही सराहनीय कदम था। सरकार की ओर से जो तीन तीन सौ रूपये दिये गये थे, ये घर के काम को चलाने के लिए दिए गए थे, मकान बनाने के लिए नहीं। सरकार ने तीन तीन सौ रूपये एक एक परिवार को देकर करीब 75 लाख रूपये दिये हैं। जिन लोगों को इमदाद मिली है अगर वे भी नुक्ताचीनी करते हैं तो कोई बात नहीं। Authority is always criticised, no doubt. (Interruptions by Sh. Jagjit Singh Pohloo).

Mr. Chairman: Mr. Pohloo, do not disturb. No one has monopolistic rights for praising the Government.

चौधरी हरस्वरूप बूराः जो लोग नुक्ताचीनी करते हैं वे उन लोगों के पास जायें और उनसे पूछें कि जो जनता सरकार ने आप लोगों की मदद की है आज से पहले तीस साल में किसी और सरकार ने भी इतनी मदद की थी ? जनता सरकार ने फ्लड के टाईम पर इतनी मदद की है कि भाायद किसी ने नहीं की चाहे वह अनाज के रूप में दी, चाहे पका खाने के रूप में दी, चाहे दालों के रूप दी। तीन सौ रूपये मकान पक्का बनाने के लिए नहीं दिये हैं। जब आका ा में बिजली कड़क रही थी, बादल गड़गड़ा रहे थे, उस वक्त यह इमदाद दी गई थी, वह इमदाद चाहे सरकार ने किसी भी रूप में दी लेकिन दी जरूर थी। गवर्नमैंट की नुक्ताचीनी होनी चाहिए लेकिन जो काम पब्लिक के लिए किया है उसकी तो सराहना की जानी चाहिए। अच्छे काम की सरहाना करना हमारा फर्ज बनता है।

चेयरमैन साहब, मैं डिमान्ड नं. 11 के बारे में कहना चाहता हूं। तीन म्युनिस्पिल कमेटियों को दस दस लाख रूपया ग्रान्ट दी गई है। रोहतक भाहर को भी दस लाख रूपये की ग्रान्ट दी गई है। रोहतक भाहर का हरियाणा में पहले से ही बड़ा नाम रहा है। ज्वायंट पंजाब के अन्दर भी यह भाहर बड़ा प्रसिद्ध रहा है। फ्लड के कारण रोहतक भाहर की बहुत ही बुरी हालत हो गई थी। भाहर की हालत को सुधारने के लिए दस लाख रूपये की इमदाद कोई ज्यादा नहीं है। मैं सरकार को इस बात के लिए बधाई देता हूं।

श्रीमति सुशमा स्वराज (अम्बाला कैन्ट): सभापति महोदय, इस समय सदन में हरियाणा सरकार के अनुपूरक अनुमानों की दूसरी कि त पर चर्चा चल रही है। मैं इसमें से केवल मांग संख्या 4, 11 और 16 के उपर ही अपने कुछ विचार रखना चाहूंगी। सबसे पहले मैं मांग संख्या 4 को ले रही हूं जिसके अन्तर्गत एक करोड़ 7 लाख 12 हजार रूपये की मांग अनुमोदन के लिए रखी गयी है। मैं इस मांग का केवल अनुमोदन नही कर रही बल्कि इसके लिए अपनी सरकार को अअधाई भी देना चाहती हूं कि उसने बड़ा सहर्श और सराहना का काम किया है कि बाढ़ पीड़ित लोगों के लिए 1 करोड़ 7 लाख 12 हजार रूपये का प्रावधान किया और बाढ़ से पीडित लोगों को कुछ सहायता देने का निर्णय लिया (चौधरी जगजीत सिंह पोहलू की ओर से विघ्न) पोहलू साहब, मैं सरकार की अगर सराहना में कुछ बोलती हूं तो

आपको बुरा क्यों लगता है। हर बार विरोध की बात क्यों सुनना चाहते हो। (श्री जगजीत सिंह पोहलू की तरस से विघ्न)

Mr. Chairman: Pohloo Sahib, please do not disturb.

श्रीमति सुशमा स्वराजः सभापति महोदय, इस मद की तफसील में लिखा हुआ है कि अगस्त सितम्बर, 1978 मे जो वर्शा आयी उससे 77000 स अधिक मकान नश्ट हो गये और 300 रूपये प्रति मकान की दर से अनुदान देने की वजह से 75 लाख रूपये इसमें खर्च हुआ है। सभापति महोदय, मैं इस नीति की तो सराहना करती हूं। यहां पर इस बात की नुक्ताचीनी नहीं करना चाहूंगी कि 300 रूपये कम हैं या ज्यादा ह। एक पीड़ित आदमी को, बाढ़ से ग्रस्त आदमी को जिसका सब कुछ तबाह हो गया हो, अगर उसे फौरी तौर पर तीन सौ रूपये की भी मदद मिल जाये तो उससे भी उसे काफी सहारा महसूस होता है। लेकिन एक बात जो तथ्य है और जिसे मैं तथ्य के रूप में आपके सामने रखना चाहती हूं वह यह कि तीन सौ रूपया प्रति मकान की दर से जो सहायता देने का निर्णय लिया गया हालांकि उसका आधार यह था कि जिनके मकान पूर्णतया नश्ट हो गये हैं या जिनकै पास रहने योग्य कोई मकान नहीं रहा, उसे दिये जायेंगे। तो भी तथ्य यही है कि मेरा अपना हल्का, मेरा अपना निर्वाचन क्षेत्र अम्बाला छावनी भी इस बार बाढ़ की लपेट में आ गया था। मुझे यह कहते हुए बड़ास अफसोस हो रहा है इस सदन में और मैं राजस्व मंत्री के सामने यह गुजारि ा करना चाहूंगी कि आज इस बाढ़ को आये हुए 4 महीने

से ज्यादा हो गये हैं लेकिन अम्बाला सदर के एक भी आदमी को यह तीन सौ रूपये नहीं मिले इसलिये नहीं मिला कि डिप्टी कमि नर के पास वहां पर पैसा नहीं पहुंचाया गया, बल्कि इसलिये नहीं मिला कि वहां के म्युनिस्पैलिटी के लोग कुछ टैक्नीकैलिटीज में पड़े हुए हैं। कभी वह टाईटल का जिक्र करते हैं, कभी वह ओनरि ाप का झगड़ा उठाते हैं, कभी वह एन्क्रोचिज की बात करते हैं और कभी वह इतनी बड़ी टैक्नीकल बात कहते हैं कि तुम्हारे मकान की तुम्हारे नाम म्यूटे ान नहीं हुई, यानी इन्तकाल नहीं हुआ। मैं आज सरकार के सामने गुजारि ा करना चाहूंगी कि जब सरकार राहत कार्य का काम करती है तो इन छोटी छोटी टैक्नीकैलिटीज में नहीं पड़ना चाहिये। अगर म्युटे ान नहीं हुई और वह लोग हाउस टैक्स वहां पर दे रहे हैं, उन मकानों के ओनर्ज के नाते तो इन टैक्नीकैलिटीज में न पड़कर उनको 300 रूपये दिय जाने चाहिए जो कि आज तक उन्हें नहीं मिले। मैं यह गुजारि ा करूंगी कि जल्दी से जल्दी इस पैसे को वहां पर बटवाने का प्रयत्न किया जाये। इसके साथ ही एक और बात कहूंगी। तमाम हरियाणा में जहां जहां पर बाढ़ आयीं, अकेला मेरा हल्का ऐसा है, अम्बाला सदर का हल्का ऐसा है जहां पर कि टैनैन्ट्स ही ज्यादा बसते हैं, यानी किरायेदार बसते हैं। यह जो 300 रूपये देने की नीति है, वह सारे गांव पर तो इसलिये लागू हो जाती है क्योंकि वहां पर तो रिहाय ाी प्लाट्स के ओनर्ज लोग खुद है, इसलिये वे इस कैटेगरी में आ जाते हैं और उनको पैसा मिल जाता है लेकिन मेरा हल्का ऐसा है जहां पर लोग किरायेदार

हैं जिनके पास रहने के लिए मकान नहीं, उनके मकान पूर्णतया नश्अ हो गए हैं, बिल्कुल कोलैप्स हो गये हैं और आज हालत यह है कि मकान मालिक उनको मकान बनाकर नहीं देता क्योंकि वह इस तबाही को ब्लैसिंग इन डिसगाईडज मान रहे हैं ? वह यह समझता है कि वह किरायेदार जो एक मुद्दत से निकलता नहीं था .....

श्री सभापतिः सुशमा जी, अब आप वाईन्ड अप कीजिये। गिलोटीन का टाईम हो रहा है। ..... (ाोर व व्यवधान)

श्रीमति सुशमा स्वराजः सभापति महोदय, मुझे आप इस चीज पर बोल लेने दीजिये। सवाल बड़ा अहम हैं। मैं सिर्फ 5 मिनट के अन्दर तीनों चीजें कह दूंगी। मैं कोई फिजूल की बात या अननैसैसरी बात नहीं कह रही हूं। एक बड़ा अहम मसला है। जिसे मैं यहां पर उठा रही हूं लेकिन अगर गिलोटीन आप को 5 मिनट बाद भी लगाना पड़े तो भी मैं यह गुजारि ा करूंगी कि आप लगा लें।

श्री सभापतिः जल्दी वाईन्ड अप कीजिए।

श्रीमति सुशमा स्वराजः तो मैं आपसे यह कह रही थी कि वहां पर टैनैन्ट्स यानी किरायेदार रहते हैं और कमान मालिकों के लिए यह एक बहुत बड़ा मौका आन पड़ा है। बाढ़ के नाते से क्योंकि, उनके मकान गिर गये हैं और वे उन्हें मकान बनाकर देना नहीं चाहते। किरायेदार इतने गरीब हैं कि वह मकान बना नहीं

सकते। इसलिये मै। मुख्य मंत्री महोदय से भी मिली थी और उन्हें यह कहा था कि यह केवल मेरे यहां का मसला है और केवल थोड़े से लोग ऐसे है। आप अपनी पालसी में रिलैक्से ान कर दीजिये। थोड़ा नीति में ढील डाल दीजिए ताकि उन लोगों को अगर आप तीन सौ रूपये दे देंगे तो वह अपने आप उन झोपड़ियों को खड़ा कर लेंगे। अध्यक्ष महोदय, मुझे यह कहते हुए बड़ा अफसोस हो रहा है कि राजस्व मंत्री जी के पास जब यह मुद्दा आया यानी जब यह फाईल गयी तो पता नहीं किस वजह से उन्होंने इस फाईल पर इन्कार कर दिया और यह कह दिया कि यह पैसा नहीं दिया जायेगा। आज मुख्य मंत्री महोदय सदन में बैठे हैं। मैं उनके पास सदन में यह इल्तजा करती हूं अपने हल्के की तरफ से, उनका नुमायन्दा होने के नाते यह इल्तजा करती हूं कि केवल 250 आदमी ऐसे हैं, अगर हम इन 250 घरों को 3–3 सौ रूपये दे देंगे तो कुल मिलाकर 7 लाख रूपया बनता है। 75 लाख रूपया आपने बांटा है, 75 लाख रूपया अभी आपके पास मौजूद हैं और हम उस 75 लाख रूपये में से भी नहीं मांगते। मेरे डिप्टी कमि नर के पास पैसा पड़ा है। हम पैसा नहीं मांगते बल्कि मात्र आप इतना पालिसी डिसीजन कर दीजिए ताकि उन लोगों को पैसा मिल जाये तो केवल 7 लाख रूपये का मसला है। लेकिन मेरे यहां पर 250 घरों में अगर आप एक घर में से 5 आदमी भी लगायें तो भी हजारों आदमियों का वहां पर फायदा होगा। सरकार जब कोई कल्याण का कमा करती है तो यह नहीं देखती कि

मकान गिरने वाला जो है, उसमें मकान मालिक रहता था या किरायेदार रहता था।

एक और बात जिसके बारे में मैं मुख्य मंत्री महोदय से आपकी मार्फत कहना चाहती हूं, वह यह है कि मेरे यहां मकानों की समस्या को हल करने के लिए हाउसिंग बोर्ड ने एप्लीकै ान्ज मांगी थी। वहां पर 13000 एप्लीके ान्ज आयीं थी। उन्होंने यह ऐलान किया था कि हम यहां पर मकान बनाकर देंगे 16 लाख रूपये जमा है। लेकिन आज डेढ़ साल हो गया। मेरे यहां नगरपालिका उनको जमीन नहीं दे रही है हाउसिंग बोर्ड को मकान बनाने के लिए। अबजब कि बाढ़ में मकान गिर गये तो उन्होंने एक वि ोश तौर पर इल्तजा करी कि आप इस बाढ़ को देखते हुए यहां पर इस काम को जल्दी कर दीजिए लेकिन मुझे मुख्य मंत्री महोदय को यह बड़े अफसोस के साथ बताना पड़ रहा हैं कि आज से लगभग 20 दिन पहले वहां पर स्थानीय भाासन मंत्री, लोकल अफेयर्ज मिनिस्टर चौधरी राम लाल वधवा वहां पर गये। तो जब हाउसिंग बोर्ड के सब्सक्राईबर्ज इनको मिले और इनसे यह कहा कि हमारे यहां हाउसिंग बोर्ड को मकान बनाने के लिए जमीन क्यों नहीं दी तो इनहेांने वहां पर ऐलान किया कि हमारी सरकार ने यह निर्ण लिया है कि हाउसिंग बोर्ड को मकान बनाने के लिए किसी भी नगरपालिका की जमीन नहीं दी जाएगी। सभापति महोदय, बड़ा अहम मसला है। अगर नगरपालिकाएं अपनी जमीन हाउसिंग बोर्ड को मकान बनाने के लिए नहीं देंगी तो क्या

हाउसिंग बोर्ड के मिनिस्टर हाउसिंग बोर्ड को अबोलि ा करने का निर्णय लेते हैं ? वहां हाउसिंग बोर्ड मकान बनायेगा ? केवल मात्र जगह नगरपालिकाओं के पास होती हैं। अगर नगरपालिका नहीं देगी तो हाउसिंग बोर्ड जो दिनों दिन एप्लीके ान्ज मांग रहा है, कहां मकान बनायेगा। आज से एक महीने पहले अभी गुड़गांव से एप्लीके ान्ज आयी है। इसलिये में स्थानीय भाासन मंत्री जी से अपने भाशण के बाद यह पूछना चाहूंगी कि क्या वाकई हरियाणा सरकारने ऐसा कोई निर्णय लिया है या उन्होंने अपने व्यक्तिगत ख्यालात का इजहार वहां पर किया था। मैं यह भी उनसे गुजारि ा करूंगी कि वे अपनी संकीर्ण दृश्टिकोण को छोड़ें, छोटे–मोटे राजनीति के अदायरे मे ंन पड़े मकान चाहे अम्बाला छावनी में बनें, चाहे करनाल में बने, इसका फायदा हरियाणा में रहने वाले लोगों को होने वाला हैं। उसका क्रैडिट सुशमा स्वराज को नहीं, उसका क्रैडिट अमबाला छावनी के एम.एल.ए. को नहीं, हरियाणा सरकार को मिलने वाला है। इसलिये वह इस संकीर्णता से उपर उठकर यह ऐलान करें कि नगरपालिका जमीन देगी हाउसिंग बोर्ड को और जिन लोगों के 16 लाख रूपये जमा हैं, उनको हम मकान बनाकर देंगे। इससे अम्बाला छावनी के लोगों को बड़ी राहत मिलने वाली है। धन्यवाद।

स्थानीय भाासन मंत्री (चौधरी राम लाल वधवा): चेयरमैन साहब, बहुत सा टाईम तो मेरे महकमें पर ही सदस्यों ने लिया है इसलिये एक बात मैं आपको मार्फत यहां पर कहना

चाहता हूं कि बहुत से सदस्यों ने यह कहा है कि नगरों के अन्दर हालत बहुत खराब है, मैं इस बात से इन्कार नहीं करता। लेकिन मुझे यह कहने में भी कोई संकोच नहीं है कि यह 30 साल की कांग्रेस सरकार की देन हमारे गले में पड़ी है। उन्होंने 30 साल तक यहां पर कोई काम नहीं किया। अगर कोई काम किया है तो गिराने का .....

श्री भाम ोर सिंहः यह बहाना लगाकर आप कब तक अपनी खाल को बचाते रहोगे।

चौधरी राम लाल वधवाः अभी से चहकना क्यों भाुरू कर दिया। अब जरा सुन तो लीजिये। इन्होंने अगर कोई काम किया है एमरजैन्सी के अन्दर तो वह गिराने का काम किया है बनाने का काम इन्होंने कोई नहीं किया है। इम्प्रूवमैंट ट्रस्ट के नाम पर 27–27 लाख्चा रूपये एक कांग्रेस का चेयरमैन खा गया। यह कह रहे थे कि करनाल इम्प्रूवमैंट ट्रस्ट को 25 लाख्चा रूपया दिया गया। एक पैसा भी सरकार ने नहीं दिया। कांग्रेस का एक चेयरमैन जो पहले मिनिस्टर भी रहा है, 27 लाख रूपया इम्प्रूवमैंट ट्रस्ट कोल्ड स्टोरेज के नाम से खा गया और वह केस आप विजिलेंस के पास है। उसका पर्चा दर्ज हो चुका है। उसका अन्जाम सामने आने वाला है (व्यवधान) हौंसला करिए, सब्र से सुनिए। आपने तो कहा था कि आपके ऊपर केस है:–

श्री भाम ोर सिंहः आन ए प्वाएंट आफ आर्डर। मैं रूल 100 आपकी जानकारी के लिए रैफर कर रहा हूं। इसमें लिखा है:—

"(2) A member while speaking shall not –

* * ** ***** ** ** * * *** ** * * * * *

(iii) utter treasonable, seditious, defamatary or offensive words;

(iv) refer to a matter of fact on which a judicial decision is pending;

* * ** ***** ** ** * * *** ** * * * * *

चौधरी राम लाल वधवाः जब आप मेरा नाम ले रहे थे तो रूल नहीं पढ़ा था। अब मेरी बारी आई है तो आप रूल पढ़ रहे हैं (व्यवधान)।

श्री सभापतिः आप अपनी सीट पर बैठ जाइए, Mr. Shamsher Singh. This is no point of order. No offensive word has been used.

चौधरी राम लाल वधवाः चेयरमैन साहब, इससे पहले कि मैं तीस लाख की डिमान्ड के बारे में जवाब दूं, मैं सदन को बताना चाहता हूं कि लोकल बौडीज डिपार्टमैंअ की हालत को सुधारने के लिए क्या स्टैप्स उठाए गए हैं। मैं समझता हूं कि सबसे ज्यादा नोटिफाइड एरिया कमेटीज को ज्यादा जरजीह दी जानी चाहिए और मैं बताना चाहता हूं कि अगला जो बजट सै ान

आएगा उसमें मैं एक म्युनिसिपल एक्ट ला रहा हूं जिसमें नोटिफाइड एरिया कमेटीज को म्युनिसिपल कमेटीज का दर्जा देने की सोच रहा हूं। यहां पर पर कहा गया कि हम म्युनिसिपल कमेटीज के इलैक ान नहीं कराते। मैं सदन को बताना चाहता हूं कि 1961 में म्युनिसिपल कमेटीज के इलैक ान करवाए गए थे उसके बादे कोई इलैक ान नहीं कराए गए। 1973 में कांग्रेस सरकार ने एक अमैन्डमैंट हाउस से पास करवाई कि म्युनिविपल कमेटीज में तीन साल एडमिनिस्ट्रेटर रहेंगे और तीन साल इलेक्टिड मैम्बर रहेंगे। फिर एक साल और बढ़ा दिया। फिर इलैक ान 1976 में ड्यू थे लेकिन उन्होंने एक साल और बढ़ा दियां यह ऐडमिनिस्ट्रेटर लादने वाली बात जनता सरकार ने नहीं की। यह चीज बंसी लाल की सरकार लाद कर गई थी (व्यवधान)।

Mr. Chairman: No interruptions please.

चौधरी राम लाल वधवा: चेयरमैन साहब, मैं बताना चाहता हूं कि सराकर ने घोशणा की है कि माच्र मैं चुनाव करा दिए जाएंगे। इसके साथ ही साथ एक माननीय सदस्य कह रहे थे कि हमारी सरकार ने हाउस टैक्स हटा दिया था लेकिन जनता सरकार ने हाउस टैक्स लगा दिया है। अगर इनको इतना ही ज्ञान है तो बड़े अफसोस की बात है। चेयरमैन साहब, 20–4–1977 को डूबते–डूबते पिछली सरकार ने वाह वाह लनै के लिए यह फैसला लिया कि हाउस टैक्स को खत्म करके प्रापर्टी टैक्स और हाउस टैक्स को एक कर दिया जाये। लेकिन यह एक आंखों में धूल

झोंकने वाली बात थी। उस सरकार ने दोनों टैक्सों को मिलाकर बीस परसैन्ट कर दिया। मतलब यह कि हाउस टैक्स को खत्म नहीं किया और उसके बाद जाते जाते यह फैसला कर दिया कि प्रापर्टी टैक्स हटा दिया जाए। मैं माननीय सदस्य की जानकारी के लिए बताना चाहता हूं कि यह फैसला पिछली सरकार का था कि म्युनिसिपल कमेटीज हाउस टैक्स वसूल करें। जनता सरकार ने इसको लागू किया है। जनता सरकार ने यह फैसला नहीं किया कि हाउस टैक्स लगा दिया जाए। हम तो सिर्फ वसूल कर रहे हैं जो पहले वाली सरकार ने लगाया था। इसके साथ ही साथ चेयरमैन साहब, मैं हाउस को बताना चाहता हूं कि यह मानता हूं कि नगरों की हालत खराब है लेकिन यह भी सच है कि नगरों से देहात की हालत ज्यादा खराब है। एक माननीय सदस्य ने कहा कि देहातों के बारे में कुछ नहीं किया जा रहा है। यह भाहरों के मंत्री हैं। मुख्य मंत्री ने भाहर के आदमी को प्लानिंग बोर्ड का पहले चेयरमैन बनाया था। इस प्रकार की कुछ बातें कही गई थी। मैं हाउस को बताना चाहता हूं कि जनता सरकारने जो पहला प्लान बनाया उसमें यह फैसला किया है कि अस्सी परसेन्ट पैसा देहातों के ऊपर खर्च किया जाएगा .....

Ch. Birender Singh: The Minister for Parliamentary Affairs is making wrong statements. There is nothing in last budget which provides 80 percent for rural areas. He is making wrong statements.

Mr. Chairman: This is no point of order.

चौधरी राम लाल वधवाः इसमें रौंग क्या है ? यह बिल्कुल ठीक बात है। प्लान छापा गया है, यह स्कीम प्लानिंग कमि ान से मन्जूर हुई हैं। जैसा कि मैंने कहा कि नगरों की खराब हालत हमें विरासत में मिली है ओर हम उसमें सुधार कर रहे हैं लेकिन देहातों पर हम ज्यादा खर्च करने जा रहे हैं इसलिये भाहरों के लिए हमारे पास रूपया कम है लेकिन चेयरमैन साहब, भाहरों की हालत सुधारने के लिए मुख्य मंत्री महोदय ने मेरी तजवीज को मान लिया है और वह यह है कि हम हरियाणा के अन्दर एक वाटर एंड सिवरेज बोर्ड बनाने जा रहे हैं और मुख्य मंत्री ने इसकी स्वीकृति दे दी है और इस सिलसिले में अगल सै ान में एक बिल पे ा किया जाएगा। मैंने म्युनिसिपल कमेटीज को हिदायत जारी कर दी है कि वे बेस और मास्टर प्लान तैयार कर लें। हुडकों ओर वर्ल्ड बैंक से पैसा लेकर इन भाहरों की खराब हालत को सुधारने का विचार किया जा रहा है। मैं यह मानता हूं कि सारी कमेटीज की फाइनें ि ायल पोजी ान खराब है क्योंकि अब तक लोकल बौंडीज के महकमें को यतीम समझा जाता रहा हैं मैं अब हर नगर का टूर कर रहा हूं और जो कमेटीज हैं उने एडमिनिस्ट्रेटर्ज की मीटिंग बुला रहा हूं। मौके पर जाकर नगरों की हालत देख रहा हूं। जहां जैसी जरूरत है उसके अनुसार स्कीम बनाकर ऐप्रूव करवा रहा हूं। पहले जो औक्ट्राय ि ाड्यूल बना हुआ है वह औक्ट्राय ि ाड्यूल सौ साल पुराना है और उसमें बहुत सी खामियां हैं। मैंने कहा है कि नये टैक्स लगाने की बजाए इस औक्ट्राय ि ाड्यूल की खामियों को दूर

किया जाए ताकि टैक्स इवेजन रोका जा सके और हम ज्यादा महसूल प्राप्त कर सकें। औक्ट्राय ि ाड्यूल को सिम्पिलीफाई करेंगी। इस वक्त तो ऐसा है कि एक ही लकड़ी है उस पर कहीं पांच, कहीं दस और कहीं पचास पैसा महसूल लगता है लेकिन हम एक ही महसूल लगाएंगे ओर इस तरह से ज्यादा महसूल आएगा।

तीस लाख रूपये देने की जो बात कही गर्ह है वह ऐसा है कि यह तीन कमेटीज का केस हैं तीन कमेटीज को यह पैसा दिया गया है। सिरसा में मुझे कामरेड भांकर लाल ने कहा कि आप सारे भाहर का दौरा करें। मैंने वहां की गली गली देखी। मैं डबवाली भी गया था और वहां हरिजन एरिया है। वहां से हरिजन एम.एल.ए. आते है। वहां के लिए दस लाख रूपया स्लम क्लीयरेंस के लिए मन्जूर किया गया है। रोहतक एक कोठरी की भाक्ल में है। जब वहां फ्लड आता है तो हालत बड़ी खराब हो जाती है। वहां के लिए भी दस लाख रूपया दिया है। मैंने बाकी कमेटीज के लिए भी मुख्य मंत्री महोदय को प्रार्थना भेजी है और हम आ ाा करते हैं कि दूसरी कमेटीज के लिए अगले बजट के अन्दर पैसा मिलेगा। श्रीमति सुशमा स्वराज ने भी एक बात कही। मुझे निहायत दु:ख के साथ कहना पड़ रहा है कि अगर रैस्ट हाउस में वहां मौजूद लोगों ने इनको कुछ कहा था तो इनको आकर मुझसे बात करनी चाहिए थी। हाउस में गलत बात कहना ठीक नहीं है। मैंने यह नहीं कहा कि हाउसगि बोर्ड के लिए जमीन नहीं है। मैंने कहा था कि अगर मेरे सामने केस आएगा तो मैं गौर करूंगा। मैंने

सिर्फ इतनी बात ही कही थी। उसके बाद जब लोंगों ने इनसे कुछ बात कही थी तो इनको मुझ से बात ही कही थी। उसके बाद जब लोगों ने इनसे कुछ बात कही थी तो इनको मुझसे बात करनी चाहिए थी। उस दिन के बाद, उन बातों को एक महीना हो गया, यह मेरे पास नहीं आई।

श्रीमति सुशमा स्वराजः सभापति महोदय, मैं चण्डीगढ आई थी, मंत्री महोदय को मिल कर गई थी। उनके नोटिस में यह बात हैं (ाोर)

चौधरी राम लाल वधवाः चेयरमैन साहब, मेरे पास उनका कोई पत्र नहीं पहुंचा। मैंने 4 दिन पहले उन लोगों की डिमांडज पर अपने सेक्रेटरी साहब को बुलाकर कहा कि वह फाईल पुट अप करो लेकिन मैं सदन की जानकारी के लिए बताना चाहता हूं कि सुशमा जी इस महकमें की वजीर रहीं हैं, अम्बाला में म्युनिसिपल कमेटी की जमीन का कोई फैसला नहीं किया गया, मिनिस्टर से किसी प्रकार का विम र्ा नहीं किया गया। विभाग को पता नहीं और वहां पर मकान बेचकर सारा पैसा हाउसिंग डिपार्टमैंट ने ले लिया है, अगर हाउसिंग बोर्ड की यह परफारमेन्स थी तो फिर मैं क्या कह सकता हूं। (ाोर)

चौधरी जगजीत सिंह पोहलूः चेयरमैन साहब, मिनिस्अर साहब ने यह क्लीयर नहीं किया कि जमीन हाउसिंग बोर्ड को देंगे या नहीं। गोल मोल बात कही गई है। (ाोर)

Mr. Chairman: Mr. Pohloo, please take your seat (Interruptions). When you pursue it, he would make it clear. (Interruptions). Mr. Pohloo, please take your seat. (Interruptions)

राजस्व मंत्री (ठाकुर बीर सिंह): चेयरमैन साहब, यहां पर जिन मांगों पर बहस हो रही है, वह फ्लड के बारे में है, इनके बारे में माननीय सदस्यों ने अमूमन तारीफ ही की है कि फ्लड रिलीफ में जितना सराहनीय काम जतना सरकार ने किया है उतना भाायद 30 सालों में किसी और सरकार ने नहीं किया है। जैसे–जैसे, जहां जहां फ्लडज आये, सरकार की तरफ से यह आदे ा जारी कर दिये गये थे कि स्टेट का कोई भी व्यक्ति ऐसा न हो जो फ्लड की जद में आ गया हो और उसको इमदाद न पहुंचे और साथ यह भी कहा गया कि हर तरह की इमदाद पहुंचाई जाए और जो जो जरूरीयात की चीजें है, वह मुहैया की जाएं। मैं सदन को बताना चाहता हूं कि हमारे बड़े बड़े अफसरों ने रात दिन लोगों के लिए काम किया।

चौधरी रिजक राम: सिर्फ एक हफते के लिए।

ठाकुर बीर सिंह: मेरे दोस्त चौधरी रिजक राम जी कह रहे है कि सिर्फ एक हफते के लिए। चौधरी साहब उस इलाके से ताल्लुक रखते हैं जहां हरियाणा का फ्लड ही न आया, पानी उतर गया, अब पानी नहीं रहा। ऐसी बात नहीं, जहां पर पानी न हो तो वहां पर कि ती हम क्या चलाते लेकिन जिन इलाकों में पानी भरा

रहा वहां पर कि तयां भी चलती रहीं। फिर सरकार ने यह फैसला किया कि जिनके मकानात पूरी तरह से जाया हो गए हैं उन आदमियों को 300–300 रूपये की इमदाद के हिसाब से रकम दी जाए। चेयरमैन साहब, सरकार ने इस काम के लिए डेढ़ करोड़ रूपया मुकर्रर किया था जिसमें से 75 लाख रूपये बांट दिए गये हैं ओर बाकी का रूपया बांटा जा रहा है। इस मामले में कुछ सदस्यों से और स्वामी जी की तरफ से दो तीन सवाल उठाये गये कि 300 रूपये की रा ि ा से क्या कोई मकान बनाया जा सकता है ? यह ठीक है, इसका हमें भी पता है कि 300 रूपये में मकान बनाया नहीं जा सकता लेकिन यह पैसा तो इमीजीएटली रिलीफ के तौर पर दिया गया था ताकि वे लोग जिनका मकान सामान समेट नश्ट हो गया है वह घर के सामान के लिए कुछ न कुछ बन्दोबस्त कर सकें। इसलिये यह रकम रिलीफ की भाकल में दी गई है।

इसके साथ साथ स्वामी जी और श्री मूलचन्द जैन जी ने उन लोगों को, जिनके मकान गिर गये हैं, मकान बनाकर देने का जिकर भी किया कि सरकार की ओर से इस किस्म की कोई स्कीम नहीं रखी गई है कि उन लोगों को सरकार मकान बनाकर दे। मै आपके द्वारा सदन में यह बता देना चाहता हूं कि इस किस्म के ऐफर्टस भी सरकार ने 22 बैकों के द्वारा किये हैं और उन बैंकों के नुमाइन्दों को बुलाया गया और कहा गया कि जिन लोगों के मकान गिर गये हैं उनको लोन दिया जाए। और जिन एरियाज में फ्लडज आये हुए हैं उन एरियाज को हमने 22 बैंकों

में बांट दिया है कि वे बैंक उस एरिया के हिसाब से काम रें और कर्जा दें। तो चेयरमैन साहब, मैं इन आनरेबल मैम्बरों की जानकारी के लिए यह बताना चाहता हूं कि सरकार ने इस नीति पर काम किया है और कर्जे भी दिये हैं और अभी यह काम चालू है। जैसे कि सुशमा जी ने कहा कि अम्बाला में किसी प्रकार का सरकार की तरफ से कोई काम नहीं किया गया है, अम्बाला के साथ भेदभाव की नीति बरती गई है, यह उनकी बात गलत है। अम्बाला में 958 आदमियों को बैंकों की तरफ से तीन हजार और पांच हजार तक की रकम मकान बनाने के लिए दी गई हैं और जो उस रकम का रेट आफ इंट्रैस्ट हैं, जो हमारी हुडको देती है, वह साढ़े 9 परसेन्ट चार्ज करती है लेकिन हमारी सरकार ने साढ़े 9 परसैंट से घटाकर बैंकों के द्वारा 5 परसेन्ट लेने का फैसला किया है .....

श्री सभापतिः ठाकुर साहब, एक मिनट बाकी है जल्दी कीजिए।

ठाकुर बीर सिंहः चेयरमैन साहब, मैं जल्दी ही करता हूं। 10 करोड़ 75 हजार 700 रूपये की रा ि ा सोनीपत में बैंकों के जरिये से बांटी गई हैं। इसी तरह से कुरूक्षेत्र मे ं75 हजार रूपये की रा ि ा बांटी गई है। इस तरह से मकानात बनाने के लिए बैंकों के द्वारा लोन देने का काम अब भी जारी है। इसके साथ साथ मकानों की प्रोबलम जोकि हाउसिंग बोर्ड के साथ आती है, इस समस्या का भी हमने हाउसिंग बोर्ड से पूरी तरह से

जायजा लिया कि जतना सरकार अपनी टर्म में किस हद तक इन लोगों की जरूरीयात को पूरा कर पाये, इसके लिये भी हमने असैसमैंट करवाया है और इस असैसमैंट से पता लगाया है कि देहात में 72 हजार मकानात की जरूरत है और 68 हजार मकानात की हमारे भाहरों को जरूरत है। **(इस समय श्री अध्यक्ष पदासीन हुए)** अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय सदस्यों की जानकारी के लिए बता देना चाहता हूं कि इस काम के लिए हम हाउसिंग कालौनी बना रहे हैं और हमने रजिस्ट्रे ान भी ओपन की हुई है और जैसा कि रजिस्ट्रे ान से मालूम होता है कि हमारे भाइयों की डिमांड बहुत कम है। हम ऐसी एक स्कीम रूरल और अरबन एरियाज में भी भुरू कर रहे है। जनता पार्टी ने ऐसे कामों के लिए अपोजी ान या सताधारी एरिया का कोई ख्याल नहीं किया सभी को एक सा समझा है। अपोजी ान के भाइयों को मैं यह वि वास दिलाना चाहता हूं कि अगर वे अपने हल्का से 200 आदमियों की ऐप्लीके ांज मुझे भिजवा दें तो उस गांव में, मैं मकान बनवा कर दूंगा, मैं इस बात की गारन्टी देती हूं। यह उन पर डिप्ेन्ड करता है कि वे कितनी ऐप्लीके ांज दिलवाते है (तालियां) हमारे पास पैसे की भी कमी नहीं है, सरकार ऐसे कामों में पीछे नहीं रहेगी। रूरल और अरबन एरियाज की जरूरतें पूरी की जाएंगी। इसके साथ ही बहन सुशमा जी ने कहा कि जो ग्रान्ट वगैरह बांटी गई है उसमें अम्बाला को इग्नोर किया गया है। मैं उनको बताना चाहता हूं कि सारी स्टेट में जितनी तकावी दी गई है,उनमें अम्बाला नम्बर वन पर है। 14 लाख रूपये की रा ि ा अम्बाला

